गोविंद बल्लभ पंत इंस्टीट्यूट आफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी,

पौड़ी गढवाल

(उत्तराखंड सरकार का स्वायत्तशासी संस्थान)

---

## संस्थान की विद्या परिषद की दिनॉक 18.09.2018 को आयोजित बैठक का कार्यवृत्त

संस्थान की विद्या परिषद की दिनॉक 18.09.2018 को सम्पन्न हुई द्वितीय बैठक में निम्न सदस्य उपस्थिति थे:–

| | | |
|---|---|---|
| 1. Dr. M.P.S. Chauhan | Director/Head CED | Chairman |
| 2. Dr. A.Q. Ansari | Professor, JMI, New Delhi | Expert Member |
| 3. Dr. Y. Singh | Head ECED | Member |
| 4. Dr. Manoj Panda | Head EED/Dean SW/Registrar | Member |
| 5. Dr. Ashish Negi | Head CSED | Member |
| 6. Dr. V.N. Kala | Head ASHD | Member |
| 7. Dr. Ashutosh Gupta | Head MED | Member |
| 8. Dr. Arun Bhatt | Head Biotechnology | Member |
| 9. Dr. M. K. Agarwal | Associate Professor, ECED | Member |
| 10. Dr. V.K. Patel | Asstt. Professor, MED | Member |
| 11. Dr. K.K.S. Mer | Director, IT Gopeshwar | University Nominee |
| 12. Dr. Y.S. Chauhan | Dean Academics | Member Secretary |

<u>बैठक में निम्नानुसार निर्णय/विनिश्चय लिये गये :–</u>

<u>कार्यसूची बिन्दु 1</u>

मा0 समिति द्वारा दिनॉक 12.12.2012 को सम्पन्न हुई बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टिकरण किया गया ।

18/9/2018 18/9/18 18/09/2018 18/9/18

MPS Chauhan 18/09/18

*कार्यसूची बिन्दु 2*

समिति द्वारा संस्थान के संचालित विभिन्न स्नातक (B. Tech.) एवं परास्नातक (M. Tech. )पाठ्यक्रमों विभागों द्वारा अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद द्वारा निर्धारित मॉडल पाठ्यक्रम (Modular Curriculum ) को अनुमोदित का शैक्षिक सत्र 2018–19 से प्रथम वर्ष से कार्यान्वित किये जाने की स्वीकृत प्रदान की गयी । समिति द्वारा बी0टेक0 पाठ्यक्रमों में तृतीय वर्ष से Choice based Credit System(CBCS) के आधार पर Open Elective (All Branches) कार्यान्वित किये जाने एवं बी0टेक0 चतुर्थ तथा षष्टम सेमेस्टर में Summer Training( One Credit each)की स्वीकृति भी प्रदान की गयी । समिति द्वारा संस्थान में संचालित समस्त स्नातक (B. Tech.) एवं परास्नातक (M. Tech. )पाठ्यक्रमों में One Credit = 50 Marks की स्वीकृति दी गयी है एवं प्रत्येक Theory Subject में 60% End Semester Exams. and 40% Sessional and Practical subject 50% End Semester Exams. and 50% Sessional अंक निर्धारित जाने की स्वीकृति प्रदान की गयी है । इसके अतिरिक्त पाठ्यक्रम में जो Audit Course Or Zero Credit Course होंगे उसमें छात्र की अंकतालिका में Audit Pass/Audit Fail * (Star) अंकित किया जायेगा तथा उनकी गणना पूर्णांकों में नहीं की जायेगी । समिति द्वारा उपरोक्त की स्वीकृति प्रदान की गयी ।

समिति द्वारा संस्थान के विभिन्न विभागों पाठ्यक्रम समिति (Board of studies) द्वारा शैक्षिक सत्र 2017–18 हेतु अनुमोदित पाठ्यक्रमों को भी स्वीकृत किया गया ।

समिति द्वारा समस्त स्नातक एवं परास्नातक पाठ्यक्रमों की सत्रीय परीक्षाओं हेतु Moderation Committee का विभागवार निम्नानुसार गठन किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गयी है ।

1 निदेशक

2 विभागाध्यक्ष (सम्बन्धित विभाग)

3 वरिष्ठ आचार्य एवं सह आचार्य (सम्बन्धित विभाग) Rotation wise

18/9/18 18/9/18 18/9/18 18/9/18

MPS Chauhan

**कार्यसूची बिन्दु 3**

समिति द्वारा संस्थान के बायोटैक विभाग में संचालित स्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु बी0टेक प्रथम वर्ष तथा बी0टेक द्वितीय वर्ष ( Lateral Entry ) में प्रवेश हेतु इंटरमीडिएट में भौतिक एवं रसायन विज्ञान अनिवार्य विषयों के साथ–साथ निम्न विषयों से उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को भी निर्धारित अर्हता में सम्मिलित किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गयी है :–

1. गणित
2. बायोटैक्नालॉजी
3. कम्प्यूटर साइंस
4. जीव विज्ञान

समिति द्वारा संस्थान में बायोटैक्नालॉजी पाठ्यक्रमों में प्रवेश की नगण्यता को देखते हुए स्नातक स्तर पर प्रवेश हेतु अलग से प्रवेश परीक्षा , जिसमें कि बायोलॉजी समूह से इंटरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थी पात्र हों, आयोजित करवाये जाने हेतु प्रस्ताव उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय, देहरादून को प्रेषित किये जाने हेतु अनुमोदन एवं स्वीकृति प्रदान की गयी ।

**कार्यसूची बिन्दु 4**

अध्यक्ष महोदय द्वारा अवगत करवाया गया कि वर्तमान में संस्थान में विभिन्न परास्नातक ( M. Tech. ) एवं शोध ( Ph.D. ) पाठ्यक्रमों में प्रवेश परीक्षा तथा प्रवेश प्रक्रिया उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित करवायी जाती है । विश्वविद्यालय स्तर पर प्रायः प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ होने में विलम्ब हो जाता है जिस कारण अभ्यर्थी समय परास्नातक ( M. Tech. ) एवं शोध ( Ph.D. ) पाठ्यक्रमों में से अन्य संस्थानों में प्रवेश ले लेते हैं । इस कारण कालेज में सम्बन्धित पाठ्यक्रमों में अधिकतर सीटें रिक्त रह जाती हैं । पूर्व में उक्त पाठ्यक्रमों में प्रवेश परीक्षा संस्थान स्तर पर आयोजित करवायी जाती थी एवं तदोपरान्त समय से प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण हो जाती थी जिसके फलस्वरूप हमारे संस्थान की सारी सीटें पूर्ण हो जाती थीं ।

समिति द्वारा संस्थान में संचालित विभिन्न परास्नातक ( M. Tech. ) एवं शोध ( Ph.D. ) पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा तथा प्रवेश प्रक्रिया संस्थान स्तर पर सम्पादित किये जाने हेतु प्रस्ताव विश्वविद्यालय को प्रेषित किये जाने हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया ।

18/9/18 18/9/18 18/9/18 18/9/18

MPS Chauhan

अन्त में अध्यक्ष महोदय का आभार व्यक्त करते हुए बैठक सम्पन्न हुई

Dr. V.K. Patel
Dr. M.K. Agarwal
Dr. Arun Bhatt
Dr. Manoj Panda

Dr. Ashutosh Gupta
Dr. Ashish Negi
Dr. V.N. Kala
Dr. Y. Singh

Dr. A.Q. Ansari
Dr. K.K.S. Mer

Dr. Y.S. Chauhan
Dr. M.P.S. Chauhan